>

Title: Need to release funds for construction of roads under Pradhan Mantri Gram Sadak Yojana (PMGSY) in Madhya Pradesh and also accord approval to the proposals sent by the State Government.

श्री गणेश सिंह (सतना): मैं भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय का ध्यान आकृष्ट कराना चाहता हूं कि मध्य प्रदेश में प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना, जिसके तहत 15 हजार कि0मी0 सड़कों का निर्माण का कार्य चल रहा है लेकिन अक्तूबर, 2009 से केन्द्र सरकार द्वारा धन आबंटन नहीं किया गया। इतना ही नहीं जो सड़क निर्माण के प्रस्ताव राज्य शासन ने स्वीकृति हेतु भेजे थे, उन्हें भी बिना कोई कारण बताये वापस कर दिये गये हैं। मैं जानना चाहता हूं कि ऐसा क्यों किया गया। मध्य प्रदेश देश में उन प्रमुख राज्यों में से एक है, जहां प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना का बहुत अच्छा काम चल रहा है। एक तरफ केन्द्र सरकार दावा कर रही है कि प्रतिदिन 20 कि0मी0 सड़कों का निर्माण हो रहा है, दूसरी तरफ सड़क निर्माण कार्य हेतु राशि नहीं दी जा रही है।

मैं भारत सरकार से मांग करता हूं कि तत्काल मध्य प्रदेश को सड़कों के निर्माण की बकाया राशि का भुगतान किया जाये एवं भेजे गये नये प्रस्तावों की स्वीकृति दी जाये।